### उपहार उपवन योजना

# आर्शीवाद वृक्ष के रूप में जैव विविधता पार्क में पौधे रोपे

शेखर टाइम्स संवाददात

**शाहजहांपुर।** नगर निगम की ओर से नगर निगम के अन्तर्गत ग्राम ककरा काकर कुण्ड स्थित जैव विविधता पार्क में उपहार उपवन योजना के अन्तर्गत नगरवासियों द्वारा अपने जन्मदिन, सालगिराह एवं अपने की याद में जैव विविधता पार्क में पौधे रोपित किये जा रहे।

नागरिकों द्वारा नगर निगम के इस कार्य में प्रतिभाग किया जा रहा है एवं नगर निगम के इस कार्य की जनसामान्य द्वारा प्रशंसा की जा रही है। उपहार उपवन योजना के तहत जैव विविधता पार्क में अनय शर्मा ने परिवार के साथ जन्मदिन पर आम का पौधा रोपित किया।

नगर आयुक्त ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुये नगर वासियों से अपील की कि अपने जन्मदिन सालगिरह एवं अपनों की याद में जैव विविधता पार्क में पौधा लगायें, जिससे नगर को स्वच्छ वातावरण मिल सके। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित एवं लोकभारती के व्यवस्थापक आलोक मिश्रा उपस्थित रहे।



जन्मदिवस पर पौधारोपण करता परिवार साथ हैं नगर आयुक्त